डिजिटल उधार में डिफॉल्ट लॉस गारंटी पर दिशानिर्देशों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

[डिजिटल उधार में डिफॉल्ट लॉस गारंटी पर दिशानिर्देश 08 जून 2023 के परिपत्र विवि.सीआरई.आरईसी.21/21.07.001/2023-24 के माध्यम से जारी किए गए थे]

प्र.1 08 जून 2023 को डिजिटल उधार में डिफॉल्ट लॉस गारंटी (डीएलजी) पर दिशानिर्देशों के पैरा 6 के अनुसार, विनियमित इकाई (आरई) यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी बकाया पोर्टफोलियो पर डीएलजी कवर की कुल राशि जो **अग्रिम रूप से निर्दिष्ट** की गई है, उस ऋण पोर्टफोलियो की राशि के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जिस पोर्टफोलियो पर डीएलजी दिया गया है वह अग्रिम रूप से निर्दिष्ट है?

उत्तर: जिस पोर्टफोलियो पर डीएलजी दिया जा सकता है, उसमें पहचानने और मापने योग्य ऋण आस्तियां शामिल होंगी जिन्हें **स्वीकृत** किया गया है ('**डीएलजी सेट**')। डीएलजी कवर के प्रयोजन के लिए यह पोर्टफोलियो निश्चित रहेगा और यह गतिशील नहीं होना चाहिए। *कृपया अंत में उदाहरण देखें*।

प्र.2: किस राशि पर पाँच प्रतिशत की सीमा की गणना की जायेगी?

उत्तर: यह सीमा डीएलजी सेट से किसी भी समय संवितरित कुल राशि पर लागू होती है (उपर्युक्त प्र.1 के उत्तर के साथ पढ़ें)। *कृपया अंत में उदाहरण देखें*।

प्र.3 यदि पोर्टफोलियो में होने वाली किसी चूक के कारण डीएलजी उद्धरित किया जाता है, तो क्या डिफ़ॉल्ट राशि पर बाद में उधारकर्ताओं से की गई वसूली को डीएलजी कवर में वापस जोड़ा जा सकता है?

उत्तर: नहीं। आरई द्वारा एक बार उद्धरित डीएलजी राशि और ऋण वसूली की राशि को वापस नहीं किया जा सकता है। कृपया प्रश्न 1 पर हमारा उत्तर भी देखें। *कृपया अंत में उदाहरण देखें*।

प्र.4 क्या दिशानिर्देशों के पैरा 11 के अंतर्गत प्रकटीकरण के साथ आरई का नाम भी प्रकाशित किया जाना आवश्यक है?

उत्तर: नहीं, आवश्यक नहीं है।

प्र.5 यदि उधार सेवा प्रदाता (एलएसपी) के रूप में कार्य करने वाला आरई डीएलजी प्रदान कर रहा है, तो क्या उसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति की भी आवश्यकता है।

उत्तर: दिशानिर्देश डीएलजी कवर स्वीकार करने वाले आरई के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति लागू करना अनिवार्य हैं, डीएलजी प्रदाताओं के रूप में कार्य करने वाले आरई को विवेकपूर्ण उपाय के रूप में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति लागू करनी होगी।

प्र.6 क्या डीएलजी पर दिशानिर्देश डिजिटल उधार दिशानिर्देशों के दायरे से बाहर की व्यवस्था के तहत आरई द्वारा प्राप्त ऋणों पर भी लागू होते हैं?

उत्तर: नहीं।

प्र.7 क्या एनबीएफसी-पी2पी प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित ऋण के लिए डीएलजी की अनुमति है?

उत्तर: नहीं। एनबीएफसी-पी2पी प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित ऋण पर डीएलजी की अनुमति नहीं है।

प्र.8 दिशानिर्देशों के पैरा 12.3 में, डीएलजी प्रदाता से एक घोषणा अपेक्षित है जो वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित हो। क्या इसे आरई या डीएलजी प्रदाता के वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक है?

उत्तर: घोषणा को डीएलजी प्रदाता के वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

प्र.9 क्या आरई को क्रेडिट कार्ड, जैसा कि मास्टर निदेश - क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड - जारी करने और आचरण निर्देश 2022 के तहत परिभाषित है, के लिए डीएलजी व्यवस्था करने की अनुमति है?

उत्तर: नहीं। क्रेडिट कार्ड के लिए डीएलजी व्यवस्था की अनुमति नहीं है।

प्र.10 क्या आरई को डिजिटल उधार चैनल के माध्यम से दी जाने वाली परिक्रामी उधार सुविधाओं के लिए डीएलजी व्यवस्था करने की अनुमति है?

उत्तर: नहीं।

प्र.11 यदि डीएलजी प्रदाता एक आरई है, तो लागू पूंजीगत अपेक्षाएं क्या होगी?

उत्तर: डीएलजी प्रदान करने वाली आरई अपनी पूंजी से बकाया डीएलजी की पूरी राशि की कटौती करेगी।

उदाहरण

टिप्पणी: ये उदाहरण समझने में आसानी के लिए उपलब्ध कराए गए हैं और केवल संकेतात्मक हैं, संपूर्ण नहीं।

उदाहरण 1

मान लें कि 01 अप्रैल 2024 को आरई द्वारा डीएलजी व्यवस्था के अंतर्गत ₹40 करोड़ (कुल **स्वीकृत** ऋणों में से) का पोर्टफोलियो निर्धारित किया गया है (डीएलजी सेट)। यह पोर्टफोलियो विशिष्ट डीएलजी व्यवस्था के प्रयोजन के लिए "अवरोधित" रहेगा - जिसका अर्थ है कि ऋण चुकौती/राइट-ऑफ के अलावा इसमें कोई भी ऋण आस्ति जोड़ी अथवा हटाई नहीं जा सकती है। आरई में ऐसे कई डीएलजी सेट हो सकते हैं।

ऐसे पोर्टफोलियो पर डीएलजी कवर की सीमा ₹2 करोड़ (₹40 करोड़ का 5%) तय की जाएगी, जो ऋण **वितरित** होने पर आनुपातिक रूप से सक्रिय हो जाएगी।

उदाहरण 2

मान लें कि उपर्युक्त डीएलजी सेट में से ₹10 करोड़ की राशि का ऋण तुरंत वितरित किया जाता है। फिर 1 अप्रैल 2024 को, पोर्टफोलियो के लिए उपलब्ध डीएलजी कवर ₹0.5 करोड़ (वितरित का 5%) होगा।

इसके बाद, यदि 15 अप्रैल 2024 को ₹10 करोड़ का ऋण आगे वितरित किया जाता है, तो 15 अप्रैल 2024 से डीएलजी कवर आनुपातिक रूप से बढ़कर ₹1 करोड़ हो जाएगा।

(प्रत्येक मामले के सारांश के लिए नीचे दी गई तालिका भी देखें)

केस 1: यदि 30 जून 2024 तक, ₹5 करोड़ के ऋण बिना किसी चूक (डिफ़ॉल्ट) के परिपक्व होते है । इस मामले में, आरई की खाता बहियों में लंबित संविभाग (पोर्टफोलियो) ₹15 करोड़ होगा और डीएलजी कवर ₹1 करोड़ पर रहेगा।

केस 2: इसके बाद, Q2-2024 के दौरान ₹2 करोड़ का डिफॉल्ट होता है और परिणामस्वरूप आरई द्वारा पूरे डीएलजी (₹1 करोड़[1]) को उद्धरित कर दिया जाता है। इस मामले में, 30 सितंबर 2024 तक आरई की खाता बहियों में लंबित पोर्टफोलियो ₹15 करोड़ (₹20 करोड़ का मूल

[1] यह माना गया है कि अब तक इन ऋणों पर शून्य मूलधन/ब्याज प्राप्त हुआ है।

पोर्टफोलियो घटाकर ₹5 करोड़ का ऋण, जो बिना डिफ़ॉल्ट के परिपक्व हुआ) होगा, लेकिन डीएलजी के लिए कोई गुंजाइश उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि ₹1 करोड़ (वितरित का 5%) का अधिकतम अनुमेय डीएलजी कवर समाप्त हो चुका है।

केस 3: आगे बढ़ते हुए, मान लेते हैं कि आरई द्वारा अक्टूबर 2024 के दौरान ₹2 करोड़ के डिफॉल्ट ऋण पर ₹1 करोड़ की वसूली की गई है। ऐसे मामले में, 31 अक्टूबर 2024 तक आरई की खाता बहियों में लंबित पोर्टफोलियो की राशि घटकर ₹14 करोड़ (₹20 करोड़ के मूल पोर्टफोलियो से बिना किसी डिफॉल्ट के परिपक्व हुए ₹5 करोड़ के ऋण से घटाकर ₹1 करोड़ के ऋण जो डिफॉल्ट में थे और वसूल किए गए) हो जाएगी। हालाँकि, डीएलजी कवर को बहाल करने के लिए ₹1 करोड़ की वसूली राशि नहीं जोड़ी जा सकती है।

(आंकड़े करोड़ ₹ में)

अवधि	संवितरित	बिना डिफ़ॉल्ट के परिपक्व हो रहा ऋण	डिफ़ॉल्ट राशि	लागू डीएलजी	वसूली/बट्टे खाते में डालना	बकाया पोर्टफोलियो	उपलब्ध डीएलजी कवर
प्रारंभिक स्थिति	10	-	-	-	-	10	0.5
आगे का संवितरण	10	-	-	-	-	20	1
केस 1	20	5	-	-	-	15	1
केस 2	20	5	2	1	-	15	0
केस 3	20	5	2	1	1	14	0